# पृथ्वीराज चौहान योद्धा ही नहीं भारतीय स्वाभिमान के प्रतीकः नेपाल

हरिभूमि न्यूज. ⏭ यमुनानगर

वीरता, स्वाभिमान और बलिदान के प्रतीक महाराजा पृथ्वीराज चैहान की जयंती के अवसर पर थाना छप्पर में भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र एवं समाजसेवी नेपाल राणा ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साढ़ौरा के पूर्व विधायक बलवंत चैधरी ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्यतिथि ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर गणमान्य ने पृथ्वीराज चौहान के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण कर नमन किया।

## थाना छप्पर में धूमधाम से मनाई पृथ्वीराज चौहान जयंती

### इतिहास रच दिया

मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल राणा ने कहा कि महाराजा पृथ्वीराज चौहान न केवल एक महान योद्धा थेए बल्कि वे भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारी मोहम्मद गोरी को कई बार पराजित कर भारतीय संस्कृति की रक्षा की। उनकी वीरता और देशभक्ति अतुलनीय थी। युद्ध में आंखों की रोशनी खोने के बावजूद उन्होंने शब्दभेदी बाण से मोहम्मद गौरी का वध कर इतिहास रच दिया।



यमुनानगर। थाना छप्पर में महाराजा पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्यातिथि।

सामाजिक एकता और भाईचारे की बात करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में वैमनस्य की भावना नहीं होनी चाहिए और सभी को मिलजुल कर देशहित में काम करना।

### महापुरुष जाति विशेष के नहीं

मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल राणा ने कहा कि महाराजा पृथ्वीराज चौहान न केवल एक महान योद्धा थेए बल्कि वे भारतीय स्वाभिमान के प्रतीक थे। उन्होंने विदेशी आक्रमणकारी मोहम्मद गोरी को कई बार पराजित कर भारतीय संस्कृति की रक्षा की। उनकी वीरता और देशभक्ति अतुलनीय थी। युद्ध में आंखों की रोशनी खोने के बावजूद उन्होंने शब्दभेदी बाण से मोहम्मद गौरी का वध कर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे महापुरुषों के चरित्र को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और नई पीढ़ी को उनका इतिहास पढ़ाना चाहिए ताकि राष्ट्र की नींव और भी सशक्त हो सके। साथ ही उन्होंने सभी समुदायों से आह्वान किया कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं होते हैं। उन्हें सभी समाज को अपनाना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ग्राम वासियों, युवाओं एवं चौहान समाज के सदस्यों ने एकजुट होकर महाराजा की गौरव गाथा को स्मरण किया। इसके पश्चात शोभायात्रा के रूप में चलकर वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान चौक का उद्घाटन किया। इस दौरान भारत माता की जय, महाराज पृथ्वीराज चौहान अमर रहें जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। अन्य वक्ताओं ने भी पृथ्वीराज चौहान के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। समारोह का समापन राष्टÑगान और सामूहिक जयघोष के साथ हुआ। मौके पर सुरेन्द्र राणा, रणधीर राणा, घनश्याम राणा, जोनी राणा, पिंटू राणा खानपुर, जसमेर राणा , रामबीर सिंह, रविश चैहान, यशपाल राणा अम्बाला, दीपक राणा थम्बड, मोहर सिंह राणा, रजनीश राणा थम्बड़,उदयवीर चैहान, राहुल राणा, राजीव हैबतपुर, रविन्द्र राणा कलावड़, जितेन्द्र राणा, राधे राणा व सुनील राणा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### श्रीबालाजी मंदिर रादौर में भंडारे का हुआ आयोजन

**रादौर।** सराफा एंड स्वर्णकार एसोसिएशन रादौर के तत्वावधान में रविवार को कस्बा में कॉलेज रोड पर स्थित श्रीबालाजी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व प्रधान पवन वर्मा के नेतृत्व में आयोजित हवन यज्ञ में स्थानीय लोगों ने आहुति डालकर मंगल कामना की। एसोसिएशन प्रधान पवन वर्मा ने कहा कि संस्था की ओर से हर वर्ष श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर अमित गुप्ता, अशोक वर्मा, कुलवंत वर्मा, अशोक गर्ग, सचिन कांबोज, संदीप, आशु, शिव कुमार, वीरेंद्र, रामकुमार वर्मा, कीमती वर्मा, विकास वर्मा व साहिल आर्य आदि मौजूद रहे।

### मारपीट में तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव जुब्बल के पास तीन युवकों ने गांव जुब्बल निवासी हिमांशु की बाइक को टक्कर मारी। बाद में आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जुब्बल निवासी हिमांशु ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह पांच जून को दोपहर 12 बजे अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव से बाहर सड़क पर पहुंचा तो यौवन, निकेत व दिशु तेज गति से बाइक लेकर आ रहे थे। आरोपियों ने उसकी बाइक को सीधी टक्कर मारी। जब उसने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में जांचा 150 का स्वास्थ्य

**यमुनानगर।** जन सेवक मंडल के तत्वावधान में रविवार को शहर के हमीदा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मंच के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने किया। शिविर में डॉ. राजीव व डॉ. नीरज शर्मा की टीम ने अपने अन्य सदस्यों के साथ 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाईयां वितरित की गई। इस दौरान अधिकांश मरीज मलेरिया, खांसी व पेट के रोगों से पीड़ित पाए गए। जिन्हें मौके पर दवाइयां दी गई। मौके पर मंच के संयोजक डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि मनुष्य के स्वास्थ्य पर ही उनका जीवन निर्भर करता है।

## जिले में रविवार को तापमान बढ़कर पहुंचा 38 के पार

# मौसम में बनी गर्मी की तपिश से पसीने से तर-बतर लोग हुए बेहाल, जीना बना मुहाल

गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने नहर व तालाबों में का प्रयास किया

- पिछले कई दिन से मौसम में गर्मी की उमस बढ़ने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पिछले कई दिन से मौसम में गर्मी की तपिश व उमस बढ़ने से लोग परेशान हैं। आए दिन तापमान बढ़ रहा है। रविवार को दिन भर तेज गर्मी पड़ने व मौसम में उमस बनी होने से जिले का तापमान बढ़कर 38 के पार पहुंच गया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग दरबदर भटकते नजर आए। अधिकांश लोगों ने नहर व तालाबों में नहाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया तो कुछ ने पेड़ों की छांव का सहारा लिया।



यमुनानगर। रविवार को गर्मी की तपिश से बचने के लिए नदी में नहाते लोग।

रविवार सुबह सूर्य देव के निकलते ही तापमान बढ़ने लगा। जिससे लोग पसीने से तर बतर हो गए। आलम यह रहा कि जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया तापमान भी अपने यौवन पर पहुंच गया। दोपहर के समय अधिकांश लोग गर्मी से बचने के लिए नहरों की और दौड़ पड़े तो कुछ लोगों ने पेड़ों की छांव का सहारा लिया। खास बात यह रही कि शहर यमुना नदी, यमुना नहर समेत विभिन्न स्थानों पर दोपहर के समय लोगों ने नहाकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले कुछ दिन तक तापमान में बढ़ोतरी होगी।

### बच्चों को बाहर न निकलने दें

अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में बुजुर्ग, बच्चों व अस्थमा, सांस व दमा से पीड़ति लोगों को तेज गर्मी के मौसम में बाहर न निकलने दें। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों में यदि कहीं बाहर जाना है तो कपड़ा ओढ़ा कर ही बुजुर्गों व बच्चों को बाहर निकलने दें। उन्होंने गर्मी के मौसम में सभी को खानपान का ख्याल रखने की सलाह दी।

### त्वचा पर पड़ता है असर

चमड़ी रोग विशेषज्ञ डॉ. रविकांत ने बताया कि तेज गर्मी में त्वचा झूलसने का खतरा बना रहता है। इसलिए तेज गर्मी में शरीर को ढककर ही बाहर निकलें। इसके साथ ही हर इंसान को गर्मी से बचने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना सेहत के साथ खिलवाड़ करना साबित हो सकता है। गर्मी से त्वचा की रक्षा के लिए ढीले-ढाले कपड़े पहनें, खूब पानी पिएं, और छांव में रहें.

### पारा पहुंचा 38 के पार

रविवार को चिलचिलाती धूप ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिनभर तेज गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। घर से निकले लोग छांव तलाशते नजर आए। जिले का न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेलसियस व अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेलसियस तक पहुंच गया।

## ट्विन सिटी में छबील लगाकर लोगों को पिलाया मीठा जल

- शहर में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने लगाई छबील

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ट्विन सिटी में रविवार को श्रद्धालुओं ने कई स्थानों पर मीठे जल की छबील लगाकर रागगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया। खास बात यह रही कि जिले में सुबह से लेकर शाम तक मौसम में तपिश और उमस बनी रही। जिसमें राह चलते लोगों ने रास्तों में लगी छबीलों पर ठंडा मीठा जल पीकर गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया। खास बात यह रही कि इस दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने उबले हुए चने व हलवे का प्रसाद भी वितरित किया।

रविवार को ट्विन सिटी के बिलासपुर मार्ग, मॉडल टाउन, औद्योगिक नगर, जगाधरी समेत आधा दर्जन स्थानों पर श्रद्धालुओं ने छबीलें लगाकर लोगों को मीठा जल पिलाया। मौके पर श्रद्धालु रोहित, सुरेश, पंकज, सुमित, सुरेंद्र व लोकेश आदि ने बताया कि पिछले कई दिन से मौसम में तेज गर्मी की तपिश व उमस बन रही है। ऐसे में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जिसे देखते हुए



यमुनानगर में छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रद्धालु पिछले कई दिन से ट्विन सिटी समेत जिले भर में अलग-अलग स्थानों पर छबीलें लगाकर राहगिरों को गर्मी से राहत दिला रहे हैं। वहीं, सतीश व वीरभान आदि ने कहा कि जल ही जीवन है जल के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

ऐसी गर्मी में लोगों को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर रणबीर सिंह, सुखदेव, मोहित, विजयपाल, विरेंद्र, संजय, विशाल व विक्की आदि मौजूद थे।

## प्रतिभा निखार कार्यक्रमों से आता है अनुशासन

- ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रतिभा निखार कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

ग्रीन पार्क कालोनी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रविवार को पार्क में दूसरे प्रतिभा निखार कार्यक्रम का आयोजनकिया गया। इस दौरान बच्चे, बूढ़े और जवान सब ने मिलकर डांस कर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर सिटीजन एवं सेना से सेवानिवृत्त ओम प्रकाश भाटिया शामिल हुए। मुख्यातिथि



यमुनानगर। ग्रीन पार्क में आयोजित प्रतिभा निखार कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

ओम प्रकाश भाटिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जहां बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। वहीं, अनुशासन की भावना भी जागृत होती है । उन्होंने सभी लोगों से आग्रह किया है कि वह भारत को स्वच्छ रखने में अपना योगदान दे। एसोसिएशन के प्रधान दविंदर मेहता ने कहा कि आज बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कमी है तो बच्चों को मंच प्रदान करने की। संगठन समय समय पर बच्चों की प्रतिभा निखारने को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इसके अलावा पार्क में ही गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान भी बच्चों के कार्यक्रम आयोजित करवाए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान तीन वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने यह देश है वीर जवानों का अलबेलो का, मस्तानों का इस देश का यारों क्या कहना व मैं निकला गड्डी लेकर रस्ते विच इक मोड़ आया मैं ओथे दिल छोड़ आया गानों पर महिला हो पुरुष सभी सीनियर जमकर नाचे।

## आरएसएस के प्रचारक सुरेंद्र का किया स्वागत

- रविवार को आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक सुरेंद्र कांबोज ने शहीद उधम सिंह धर्मशाला में आयोजित समाज की बैठक में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज. रादौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री सुरेन्द्र कांबोज का रविवार को शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। रविवार को सुरेंद्र कांबोज शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला रादौर में आयोजित समाज की बैठक में भाग



यमुनानगर। गांव खेड़ी में आयोजित श्रीराम कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

लेने पहुंचे थे। धर्मशाला प्रबंधक कमेटी के प्रधान वेदप्रकाश ने बताया कि सुरेंद्र कांबोज समाज के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने आगे बढ़कर समाज कल्याण के कार्यों में भाग लिया है। इस अवसर पर ओम प्रकाश कांबोज चमरोड़ी, अमित कुमार कांबोज, जयप्रकाश कांबोज कांजनु, जगमाल रतनगढ़ आदि मौजूद रहे।




यमुनानगर। रादौर क्षेत्र के गांव बापा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कल में आयोजित शिविर में संबोधित करते हुए डॉ. धर्मवीर।

## विद्यार्थी बिना खेल खेल में करें ज्ञान अर्जन: डॉ. धर्मवीर

**रादौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बापा में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रुप में जिला असिस्टेंट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ.धर्मवीर ने भाग लिया। जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. धर्मवीर ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी बिना किसी झिझक के आनंद के साथ खेल खेल में ज्ञान अर्जन करें। इस प्रकार के शिविर बच्चों के लिए एक रचनात्मक, सहज, आनंददायक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। बच्चे सक्रिय रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेकर सीखते हैं। जिससे उनका ज्ञान और कौशल विकसित होता है। सामाजिक, भावनात्मक व शारीरिक विकास होता है। मौके पर हिंदी प्राध्यापक राकेश पांचाल ने विद्यार्थियों को बताया कि नदियों, पहाड़ों और ऐतिहासिक स्मारकों के इतिहास से हमें पृथ्वी के इतिहास, प्राचीन सभ्यताओं और संस्कृतियों के बारे में जानकारी मिलती है। इन सभी के अध्ययन से हमें अपने अतीत को समझने और भविष्य के लिए योजना बनाने में मदद मिलती है। इस अवसर पर सुरेश वर्मा, रजनी देवी व राजेंद्र मलिक आदि मौजूद रहे।

## भाशचेपा ने छबील लगाकर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**रादौर।** भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापन दिवस के अवसर पर रादौर में छबील लगाकर राहगिरों को ठंडा मीठा जल पिलाया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला के नेतृत्व में छबील लगाई गई। छबील पर सैंकड़ो राहगिरों को मीठा जल पिलाकर पुण्य कमाया गया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप कलेसर, प्रदेश उपाध्यक्ष जोगिंद्र कांबोज, महासचिव राजिंद्र भाटली व जिला अध्यक्ष दीवान चंद आदि ने बताया कि युगचेतना पुरुष परमहंस श्री शक्तिपुत्र महाराज द्वारा नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व भयमुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से भारतीय शक्ति चेतना पार्टी गठित की गई है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के सभी कार्यकर्ता नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीते हुए सदैव जनकल्याण व आत्मकल्याण की दिशा में बढ़ रहे हैं। सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ छबील में अपनी सेवाएं दी हैं। इस दौरान भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के उपाध्यक्ष सतीश कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कुमार, महासचिव साहिल, सतप्रकाश, सोहनलाल, नरेश कुमार, बलजीत, बलबीर कुंजल, अजय मंधार, अनिल चमरोडी, शिव कुमार रादौर व निरंजन दामला आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम नाम का जाप करने से कष्ट हो जाते हैं दूरः महाराज

- कथाव्यास स्वामी रामशरण महाराज ने कथा में श्री राम नाम की महिमा का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा गांव खेड़ी में आयोजित की जा रही श्रीराम कथा में कथाव्यास स्वामी रामशरण महाराज ने चौथे दिन रविवार को श्रीराम नाम की महिमा के महत्व से श्रद्धालुओं को अवगत करवाया। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्रीराम नाम सिमरण करने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर कथाव्यास ने रामायण की चौपाइयां व भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथाव्यास स्वामी रामशरण महाराज ने फरमाया



यमुनानगर के रादौर स्थित शहीद उधम सिंह धर्मशाला में सुरेंद्र कांबोज का स्वागत करते हुए धर्मशाला प्रबंधक कमेटी के सदस्य।

कि वर्तमान में केवल राम का नाम ही एकमात्र ऐसा साधन है जिसके जपने से मनुष्य के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

अगर मनुष्य आधुनिक चकाचौंध के बीच रामनाम का नित्य जाप करे तो उसे पापों व कष्टों से मुक्ति मिल सकती है। आज मनुष्य की धन कमाने की लालसा ने उसे मार्ग से भटका दिया है। वह अपने कार्यों में इतना व्यस्त है कि उसके पास प्रभु का सिमरन करने का समय नहीं है। जो समय उसके पास होता है महाराज ने फरमाया कि मनुष्य आज ढोंगियों के चक्कर में पड़कर ईश्वर से जल्द मिलना चाहता है चाहता है। लेकिन वह भूल जाता है वास्तव में वह उसे गुमराह करने में लगे हुए हैं।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने आयोजित किया संत संकीर्तन कार्यक्रम

# गुरु की महिमा का वर्णन शब्दों में करना असंभवः भारती

- साध्वी नीलम भारती ने संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध संगत को बताया गुरु सत्ता का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को गुरु सत्ता का महत्व बताया। मौके पर साध्वी बहनों ने सुमुधर भजनों से साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि परमात्मा के निर्गुण



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करती साध्वी व श्रवण करती साध संगत।

स्वरूप की महिमा गाना सरल है। लेकिन गुरु की महिमा का वर्णन शब्दों में कर पाना असंभव है। यदि इस धरा पर लगे सभी वृक्षों की कलम बनाकर, सात समुद्रों की स्याही उसमें भरकर संपूर्ण धरती को कागज का रूप देकर उस पर गुरू की महिमा का वर्णन लिखा जाए तब भी वह पूर्ण रूप से उसमें नहीं समा सकता। गुरु गीता में भगवान शिव माता पार्वती को गुरु की महिमा के बारे में बताते हैं कि गुरु सात तरह के होते हैं।

गुरुओं में से जो परमगुरु हैं वह ब्रह्मनिष्ठ, तत्ववेत्ता और शिष्य के हृदय में ही परमात्मा का प्रकाश रूप में साक्षात दर्शन करवा देते हैं। ब्रह्मनिष्ठ गुरू और परब्रह्म में कोई भेद नहीं होता। वे अपनी शरणागत हुए जीव का कोई भी कर्म संस्कार अथवा अवगुण नहीं देखते। वे तो केवल करुणा वत्सल, दया निधान बन कर अपनी शरण में आने वाले का कल्याण ही करते हैं।

